# किसी भी समाज का विकास शैक्षणिक उत्थान से ही संभव : अर्जुनराम मेघवाल

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय कानून एवं एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि किसी भी समाज का विकास शैक्षणिक उत्थान से ही संभव है। उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बालिका शिक्षित होगी तो दो घरों का विकास होगा, जिससे समाज उन्नति की राह पकड़ेगा। बच्चों के अभिभावक शिक्षा से पीछे नहीं हटें, प्रत्येक बच्चे को शिक्षित अवश्य करें।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल रविवार को बज्जू में मेघवाल समाज की धर्मशाला व छात्रावास भूमि पर आयोजित मेघवाल समाज के द्वितीय महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। महासम्मेलन में समाज की शिक्षा व सरकारी नौकरी सहित विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मेघवाल ने शिक्षा क्षेत्र में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों से कहा कि पढ़ लिखकर संस्कारित बनों व उच्च पदों पर आसीन हों। इससे आपका व आपके परिवार का नाम रोशन होगा।

केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने शैक्षणिक उत्थान को लेकर भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं और सांसद कोटे के तहत 50 लाख की घोषणा मेघवाल समाज की छात्रावास व धर्मशाला के विकास के लिए की। इस राशि से मेघवाल समाज की भूमि पर सभा भवन, पुस्तकालय, चारदीवारी का निर्माण होगा। इससे पूर्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान बज्जू पहुंचे केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को क्षेत्र के लोगों ने विभिन्न समस्याओं के ज्ञापन भी सौंपे। इस दौरान गाड़िया लोहारों की महिलाओं ने मंत्री को अपनी समस्या बताई कहा कि हम पिछले बीस वर्षों से बिना भूमि के बैठे हैं।

इस दौरान गाडिया लोहारों की महिलाओं ने मंत्री को अपनी व्यथा बताई कि हम पिछले बीस वर्षों से बिना भूमि के बैठे हैं। इस पर मंत्री ने तुरंत जिला कलेक्टर व जिला परिषद सीईओ को कहा कि इनकी सूची बनाकर आवासीय भूमि के पट्टे दिलवाएं।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, जिला परिषद सीईओ सोहन लाल जाट, मेघवाल महापंचायत बज्जू संस्था अध्यक्ष लक्ष्मण चौहान, मोहनलाल मेघवाल, एडवोकेट गोरधन राम लीलड, भूप सिंह भाटी, रिटायर्ड आरपीएस जीवन राम गोदारा, गुमान सिंह राजपुरोहित, श्रीराम विश्नोई, धर्मवीर गिरी, सूर्यवीर सिंह चौधरी, करणाराम लीलर, अनोपराम मेघवाल, पप्पू राम बारूपाल, किशनलाल इणखिया, मांगीलाल मेघवाल, महावीर सिंह चारण, कैलाश बीठनोक, गोगडिया वाला सरपंच कालूराम मेघवाल, बांगड़सर सरपंच प्रतिनिधि करणाराम मेघवाल, कैलाश चंदेल, इमीलाल नैण, रमेश ज्याणी, सूर्यवीर सिंह चौधरी, करनाराम गर्ग, एडिशनल एसपी ग्रामीण कैलाश सिंह सांधू, बज्जू उपखंड अधिकारी संदीप चौधरी, कोलायत सीओ संग्राम सिंह, बज्जू सीआई आलोक कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने इससे पूर्व बज्जू तेजपुरा में सांसद कोटे से निर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन किया व डीएमएफटी योजना के अंतर्गत 1.60 करोड़ की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया।



बज्जू में मेघवाल समाज के कार्यक्रम को केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया।

- सांसद कोटे के तहत 50 लाख की घोषणा की, इस राशि से मेघवाल समाज की भूमि पर सभा भवन, पुस्तकालय, चारदीवारी का निर्माण होगा
- डीएमएफटी योजना अंतर्गत 1.60 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया

## बीबीए-बीसीए के दाखिले पहले की तरह ही होंगे

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य के सरकारी और निजी कॉलेजों में शिक्षा सत्र 2025-26 में बीबीए और बीसीए कोर्स में दाखिले पहले की तरह ही होंगे। राज्य स्तरीय केंद्रीकृत प्रवेश प्रक्रिया अगले सत्र से लागू की जायेगी। तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव डॉ. हरिशंकर मेवाड़ा ने इस संबंध में संशोधित आदेश जारी किए हैं। दरअसल राज्य के कॉलेजों में अभी तक बीबीए-बीसीए के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।

तकनीकी शिक्षा विभाग ने पूर्व 9 जून को बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया 'सेंटर फॉर इलेक्ट्रोनिक गवर्नेंस' (सीईजी) द्वारा केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से कराने के निर्देश दिए थे। सत्र 2025-26 में आरबीएएपी के तहत बीबीए और आरसीएएपी के तहत बीसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीईजी जयपुर को नोडल एजेंसी एवं निदेशक सीईजी को संयोजक बनाया गया है। वहीं संयोजक आरबीएएपी व आरसीएएपी ने महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर सहित प्रदेश के 12 विश्वविद्यालयों को केंद्रीयकृत का प्रवेश प्रक्रिया के तहत इन कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी किए जाने के संबंध में निर्देश दिए थे। अब संशोधित आदेश के मुताबिक शिक्षा सत्र 2025-26 में बीबीए- बीसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया संबंधित विश्वविद्यालयों की ओर से पूर्व की भांति अपने स्तर पर पूरी की जायेगी। जून खत्म होने को है।

## सार-समाचार

### स्थापना दिवस पर प्रतिभाएं सम्मानित



स्वामी विमर्शानंद गिरी ने महावीर इंटरनेशनल केन्द्र स्थापना दिवस कार्यक्रम का द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

**बीकानेर,** (कासं)। महावीर इंटरनेशनल बीकानेर का 33 वां स्थापना दिवस प्रतिभाओं के सम्मान और गत वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा के साथ मनाया गया। रानी बाजार स्थित रिद्धि - सिद्धि भवन में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक व जेल अधीक्षक श्रीमती सुमन मालीवाल ने संस्था द्वारा किए गए सेवा के कार्यों को मानवता की सेवा बताया। प्लास्टिक एवं पॉलीथिन मुक्त भारत के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम 'कपड़े की थैली मेरी सहेली' को मुख्य अतिथि ने पूरी धरती की एक बहुत बड़ी जरूरत बताया। इस कार्यक्रम के लिए उन्होंने महावीर इंटरनेशनल से आव्हान किया कि बीकानेर जेल के कैदियों के श्रम का उपयोग करते हुए संयुक्त कार्यक्रम चलाया जा सकता है। जिसे महावीर इंटरनेशनल संस्था ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। समारोह के विशिष्ट अतिथि एवं शिवबाड़ी मठ के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानन्द गिरि महाराज ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलकर महावीर इंटरनेशनल पूरे देश में जो मानवता की सेवा कर रहा है वह अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि मानवता के अतिरिक्त मूक प्राणियों एवं पर्यावरण की सेवा पूजा के समान है। विशिष्ट अतिथि यू ट्यूबर मुकेश सोनी ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल संस्था के सहयोग से हमने कुछ यूट्यूब रील बनाई है जिससे कि आम जनता में एक अच्छा संदेश जा रहा है। इस कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष संजय वेद एवं संभागीय सचिव राजेंद्र सिंह राठौड़ ने भी महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों का परिचय सभी से कराया। स्थापना दिवस समारोह में महावीर इंटरनेशनल ने बीकानेर की अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी जयचंद लाल डागा, सुरेश राठी, विनोद बाफना, जयनारायण गोयल, गणेश बोथरा का भी मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। गत कार्यकाल में संस्थाओं एवं सेवाभावी व्यक्तियों के सहयोग से किए गए सेवा कार्य के लिए उन सभी का स्मृति चिन्ह प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। अंत में राष्ट्रगान से समारोह का विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर केन्द्र के सदस्यों की निर्देशिका का भी अतिथियों ने विमोचन किया। कार्यक्रम समापन सुरेश गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित कर किया। मंच संचालन हेमंत सिंघी ने किया।

### तीन वरिष्ठ रचनाकारों का सम्मान




वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने तीन वरिष्ठ रचनाकारों को सम्मानित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। मां जद भी राखे चूल्हे माथे हांडी/सगला भाई भेला हो जांवा आंगणे मांय/बापू राख दी हांडी ने आंगणे मांय। राजस्थानी भाषा के कवि आलोचक डॉ. गौरीशंकर प्रजापत द्वारा प्रस्तुत 'हांडी' शीर्षक की इस राजस्थानी कविता की इन भावप्रद पंक्तियों से आज सांखला साहित्य सदन सराबोर हो उठा। अवसर था हिंदी एवं राजस्थानी भाषा के कीर्तिशेष साहित्यकार स्वर्गीय नरपत सिंह सांखला की स्मृति में स्व. नरपत सिंह सांखला स्मृति संस्थान द्वारा त्रैमासिक साहित्यिक श्रृंखला 'त्रिभाषा एकल तीन भाषा के तीनों रचनाकारों की रचनाओं पर अपने विचार पेश करते हुए कहा कि कार्यक्रम में राजस्थानी भाषा की मठोठ, उर्दू की मिठास एवं हिन्दी भाषा के सौंदर्य की बख़ूबी बानगी प्रस्तुत करके तीनों रचनाकारों ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। रचनाकारों ने अपनी रचनाओं में जीवन के कई संदर्भ खोले और त्रिभाषा एकल काव्य पाठ को नई रंगत दी। हिन्दी भाषा के युवा कवि संजय आचार्य 'वरुण' ने अपने काव्य पाठ के ज़रिए रिश्तों पर केंद्रित कलाम सुनकर श्रोताओं से भरपूर दाद लूटी। आपकी 'बाबूजी' शीर्षक की कविता के इन भाव प्रवण शब्दों और उम्दा प्रस्तुतीकरण से श्रोताओं की आंखें नम हो गई। संस्थान की तरफ से रचना पाठ करने वाले तीनों रचनाकारों का माल्यार्पण, निशान-ए-यादगार, उपहार, कलम और स्व. नरपत सिंह सांखला द्वारा रचित पुस्तक भेंट करके सांखला साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। संस्थापक संजय सांखला ने कार्यक्रम के प्रारंभ में समस्त अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया।

### शिविर में 50 यूनिट रक्तदान

**बीकानेर,** (कासं)। द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया बीकानेर ब्रांच द्वारा सीए डे 2025 के उपलक्ष में आयोजित उत्सव श्रृंखला के अंतर्गत आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आईसीआर भवन बीकानेर में आयोजित किया गया। ब्रांच अध्यक्ष सीए हेतराम पूनिया ने जानकारी दी कि रक्तदान शिविर में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विद्यार्थियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रक्त संग्रहण का कार्य बीकानेर पीबीएम ब्लड बैंक की टीम द्वारा डॉ. कुलदीप मेहरा के नेतृत्व में सुचारू रूप से संपन्न हुआ। शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा। शिविर को सफल बनाने में ब्रांच उपाध्यक्ष सीए मुकेश शर्मा, सचिव सीए सुमित नवलखा, कोषाध्यक्ष सीए राजेश भूरा, सिकासा अध्यक्ष सीए अभय शर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्य सीए मोहित बैद का विशेष योगदान रहा।

# सिंचाई पानी की मांग को लेकर 14 वें दिन भी धरना जारी

- रविवार को प्रशासन व किसान प्रतिनिधि हरिके बैराज पहुंचे और गेज तथा पौण्ड लेवल का निरीक्षण किया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगनहर में तय मात्रा में सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन जहां 14 वें दिन भी जारी रहा। रविवार को प्रशासन व किसान प्रतिनिधि हरिके बैराज पहुंचे और गेज तथा पौण्ड लेवल का निरीक्षण किया। इधर किसानों ने चेतावनी दी है कि सोमवार को सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ शहर में प्रदर्शन किया जायेगा।

गंगनहर में 2500 क्यूसेक पानी की नियमित आपूर्ति के लिए श्रीगंगानगर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) सुभाष कुमार, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) धीरज चावला, अधिशासी अभियंता रेगुलेशन खंड व किसान प्रतिनिधियों की टीम हरिके बैराज पहुंची। वहां गेज और पौण्ड लेवल का निरीक्षण किया गया।

मौके पर जो गेज चल रही थी, वह सामान्य से अधिक थी और इससे अधिक पानी चलाना संभव नहीं था। आरडी-5 की पुलिया में फंसी जलकुंभी (केली) को हटवाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद आरडी-55 और हुसैनीवाला हैड पर निरीक्षण किया गया। हुसैनीवाला पर पानी फुल लेवल पर चल रहा था। फिर भी बीकानेर कैनाल के लिए 100 क्यूसेक अतिरिक्त पानी देने का आग्रह किया गया। आरडी-45 पर पौण्ड लेवल दो हिस्से कम करवाने की सिफारिश की गई ताकि बीकानेर कैनाल में पानी की मात्रा बढ़ाई जा सके। अभी वहां 2000 क्यूसेक पानी चल रहा है और 100-150 क्यूसेक और बढ़ने की संभावना जताई गई है।

एडीएम सुभाष कुमार ने पंजाब जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर पानी की मात्रा को स्थिर रखने की मांग की। एसई फिरोजपुर ने सकारात्मक आश्वासन दिया। किसानों की ओर से 16 जून से शुरू हुआ धरना आज रविवार को 14वें दिन में प्रवेश कर गया। आंदोलनकारी किसानों का कहना है कि 2500 क्यूसेक पानी की नियमित आपूर्ति होने पर ही धरना खत्म किया जायेगा। रविवार को आरडी 45 पर 2000 क्यूसेक पानी की आवक हो रही। जबकि खखां हेड पर 1419 क्यूसेक पानी पहुंचा। किसान मजदूर व्यापारी संघर्ष समिति व विभिन्न संगठनों ने कल सोमवार को बड़ा प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। श्रीकरणपुर विधायक रूबी कुन्नर, रायसिंहनगर विधायक सोहनलाल नायक, सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर, पूर्व विधायक राजकुमार गौड़, सोना देवी बावरी, दौलतराम नायक, राजेन्द्र भादू, महेन्द्र बराड़, परमजीत सिंह रंधावा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने किसानों से कल 30 जून को ट्रैक्टर ट्रॉलियों सहित श्रीगंगानगर पहुंचने का आव्हान किया।

## मकान के ताले तोड़ 5 लाख के जेवर-नकदी चोरी

**बीकानेर,** (कासं)। चोरों ने गंगाशहर में चौपड़ा बाड़ी स्थित बंद मकान के ताले तोड़े और करीब 5 लाख रूपए के नकदी-जेवरात चुरा ले गए।

गंगाशहर में चौपड़ा बारी स्थित हरिराम मंदिर के पीछे निवासी राकेश कुमार गोलछा और उनकी पत्नी छह जून को घर बंद कर बीकानेर से बाहर गए थे। पीछे से चोरों ने बंद मकान में सेंधमारी की और ताला तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने घर के कमरों के ताले तोड़े और सारा सामान खंगाल लिया। अलमारियों को तोड़ा और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। गोलछा और उनकी पत्नी वापस लौटे तो चोरी का पता चला। इत्तला मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। 30000 रुपए नकद, सोने का तिनका, अमेरिकन डायमंड चांदी का सैट, मांग टीका, नथ, अंगूठी, नेकलैस, कान की जोड़ी, मोती की माला, मौती का सैट, आर्टिफिशियल जड़ाऊ का सैट, चांदी की 4 चूड़ियां, बाइक और लॉकर की चाबी व अन्य सामान चोरी गया है।

## पूर्व पार्षद के घर से थार गाड़ी चोरी

- गाड़ी चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हुई
- चोरी हुई कार जयपुर बाइपास पर देखी गई

**बीकानेर,** (कासं)। शहर में बाइक चोरी होना तो आम बात है, लेकिन चोरों की नजरें अब चार पहिया वाहनों पर हैं। वे घरों के आगे खड़े चार पहिया वाहन चोरी करने लगे हैं। ताजा मामला पूर्व पार्षद के घर से थार गाड़ी चोरी होने का है।

सादुलगंज निवासी पूर्व पार्षद मनोज बिश्नोई के घर उनके भतीजे की थार गाड़ी खड़ी थी। रात को कार में सवार होकर आये चोरों ने थार गाड़ी स्टार्ट की और चुरा ले गए। सुबह उठने पर घरवालों को गाड़ी चोरी होने की जानकारी मिली तो उन्होंने सदर थाना पुलिस को फोन किया। गाड़ी चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है।

सीसीटीवी में नजर आया है कि चोर रात को 2.58 बजे कार में सवार होकर पहुंचे। एक शख्स कार से उतरता नजर आ रहा है जो थार गाड़ी स्टार्ट कर ले गया। बाकी लोग कार लेकर चले गए। बताया जा रहा है कि चोरी हुई कार जयपुर बाइपास पर देखी गई है।

पूर्व पार्षद मनोज बिश्नोई के भतीजे राकेश की रिपोर्ट पर सदर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। सदर पुलिस थाने के एसएचओ दिगपाल सिंह ने बताया कि चोरी की गाड़ी बरामद करने के लिए सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम को लगाया गया है। गौरतलब है कि शहर में वाहन चोर सक्रिय हैं। आए दिन बाइक चोरी की घटनाएं हो रही हैं।

वहीं अनूपगढ़ पुलिस ने ट्रैक्टर धोखाधड़ी मामले में एक और वांछित आरोपी चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस के टॉप-10 वांछित अपराधियों में शामिल था। मामला 9 जनवरी 2025 का है। वार्ड नंबर 31 निवासी संदीप सिंह ने पुलिस थाने में ट्रैक्टर हड़पने की शिकायत दर्ज कराई थी।

## गियर में खड़े ट्रैक्टर ने ली ड्राइवर की जान

- स्टार्ट करते ही बिगड़ा संतुलन, उछलकर पहिए के नीचे आया युवक

**बीकानेर,** (कासं)। यहां दंतौर में ट्रैक्टर के नीचे आने से घायल हुए बिहार के एक युवक की पीबीएम अस्पताल इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा 26 जून को हुआ था लेकिन एक दिन के संघर्ष के बाद घायल ने दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस के अनुसार दंतौर के चक 22 बीएलडी में 26 जून को 18 वर्षीय बिट्टू पुत्र राजकुमार ने खेत में खड़े ट्रैक्टर को स्टार्ट कर दिया। इस समय ट्रैक्टर गियर में था। गियर में स्टार्ट होने से ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वो चल भी पड़ा। ऐसे में बिट्टू का स्टेयरिंग से हाथ हटा और उछलकर नीचे गया। ट्रैक्टर चल पड़ा था, ऐसे में बिट्टू पहिये के नीचे आ गया। उसके गंभीर चोट लगी। उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां इलाज चल रहा था। उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी और उसने दम तोड़ दिया। बिट्टू मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और यहां अपने परिजनों के साथ आया हुआ था। उसके परिजन इसी खेत में मजदूरी का काम करते थे। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया है, जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## दुकान से 640 लीटर अवैध पेट्रोल डीजल जब्त

- रसद विभाग की रावलामण्डी में छापेमारी, दुकान में चल रहा था अवैध

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के रावला मण्डी क्षेत्र में अवैध रूप से पेट्रोल और डीजल की बिक्री की शिकायत पर जिला रसद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान एक ट्रांसपोर्ट फर्म की दुकान से करीब 640 लीटर डीजल और पेट्रोल जब्त किया गया।

यह डीजल-पेट्रोल बिना किसी लाइसेंस के खुलेआम बेचा जा रहा था। रसद विभाग की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। जिला रसद अधिकारी कविता के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची। टीम में प्रवर्तन अधिकारी तारामणी परिहार और धर्मपाल शामिल थे।

रावला मण्डी रोड पर स्थित गोदारा ट्रांसपोर्ट की दुकान पर दबिश दी। दुकान पर उस समय सोनू सिंह पुत्र अमरीक सिंह निवासी खानुवाली मिला। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि दुकान पर डीजल और पेट्रोल की बिक्री की जाती है। उसने बताया कि यह दुकान लोकेश कुमार पुत्र शिवप्रकाश गोदारा निवासी 12 केएनडी, रावला मण्डी की है।

जांच के दौरान दुकान के बाहर 8 बड़े प्लास्टिक ड्रमों में 620 लीटर डीजल और एक लोहे की टंकी में 20 लीटर पेट्रोल मिला। साथ ही चार लोहे के माप (10 लीटर, 5 लीटर, 2 लीटर और 1 लीटर क्षमता), तीन कीप, एक हस्तचालित पंप, एक हिसाब-किताब का रजिस्टर और एक क्यूआर कोड भी बरामद किया गया।

टीम ने जब डीजल-पेट्रोल से जुड़े दस्तावेज जैसे अनुज्ञा पत्र, बिल और भंडारण स्वीकृति पत्र मांगे तो सोनू सिंह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। मौके पर ही समस्त अवैध सामग्री को जब्त कर लिया और इसे सोनू सिंह की उपस्थिति में जाखड़ फीलिंग स्टेशन, रावला मण्डी के आईओसीएल पेट्रोल पंप के मैनेजर विकास कुमार को सुपुर्द किया।

## घर के आगे बालक को कार ने कुचला

**बीकानेर,** (कासं)। अम्बेडकर कॉलोनी में वल्लभ गार्डन की ओर जाने वाली रोड पर माताजी के मंदिर के पास घर के आगे खेल रहे 11 साल के बालक को कार ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कार चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

वल्लभ गार्डन की ओर जाने वाली रोड पर रहने वाले गिरधारी नायक का 11 साल का बेटा राहुल शाम को अपने घर के आगे खेल रहा था। इस दौरान एक कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उसे कुचल दिया जिससे राहुल की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। इत्तला मिलने पर व्यास कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। राहुल के शव को पीबीएम अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया।


# प्रशासन और किसान प्रतिनिधियों के बीच वार्ता में बनी सहमति, आंदोलन समाप्त

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगनहर में निर्धारित शेयर के अनुसार सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने के लिए किसान प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के बीच रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में वार्ता हुई।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार किसानों को पर्याप्त सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। वार्ता में गंगनहर में 2200 क्यूसेक पानी की मात्रा को बढ़ाने के प्रयास करने सहित अन्य मांगों पर सहमति जताने के बाद किसानों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।

वार्ता में जिला कलेक्टर ने बताया कि किसानों के प्रति राजस्थान सरकार पूर्ण संवेदनशील है। इसीलिए गंगनहर में पर्याप्त सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री निरन्तर प्रयासरत रहे। पंजाब के मुख्यमंत्री से बात करने के अलावा उनके निर्देश पर जल संसाधन मंत्री, एसीएस सहित विभागीय उच्चाधिकारी लगातार पंजाब सरकार के सम्पर्क में रहे।

जिला प्रशासन द्वारा भी पूर्ण संवेदनशीलता से किसान प्रतिनिधियों से वार्ता के साथ-साथ फाजिल्का जिला प्रशासन से भी समन्वय कर गंगनहर में सिंचाई पानी बढ़ाने के प्रयास किए गए। एडीएम प्रशासन सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने कई बार पंजाब जाकर स्थानीय अधिकारियों से वार्ता की। समन्वित प्रयासों के चलते ही सिंचाई पानी में बढ़ोतरी है। वार्ता के दौरान जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता हनुमानगढ़ प्रदीप रूस्तगी ने अवगत करवाया कि वर्तमान में बीकानेर कैनाल की आर.डी. 45 पर 2200 क्यूसेक पानी चल रहा है। उक्त पानी की मात्रा को लगभग 2100-2200 के मध्य स्थाई रखा जायेगा।



गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने कलेक्ट्रेट सभागार में किसान प्रतिनिधियों से वार्ता कर आंदोलन खत्म कराने पर वार्ता की।

- कार्रवाई पूरी होने तक नहरी पानी चोरी रोकने के लिए सक्रिय रहेंगे गश्ती दल

## फर्जी वाहन कंपनी बनाकर लाखों की ठगी

- सस्ते वाहनों का लालच देकर आम लोगों को ठगा

**सूरतगढ़,** (कासं)। सिटी थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी वाहन कंपनियां बनाकर लोगों से लाखों रूपए की ठगी करने वाले गिरोह के मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चंद्रमोहन (41) बारां के शिवाजी कॉलोनी का मूल निवासी है और वर्तमान में जयपुर के हाथोज, सिरसी रोड स्थित केडिया कोठी में रह रहा था।

थाने के सहायक उप निरीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि यह गिरफ्तारी एक पुराने मामले में की गई है। आरोपी के खिलाफ 19 जनवरी 2024 को मुकदमा संख्या 37 दर्ज किया गया था, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज था। आरोपी पहले से ही साइबर थाना बारां द्वारा गिरफ्तार होकर जिला कारागृह बारां में न्यायिक हिरासत में था।

सूरतगढ़ पुलिस ने एसीजेएम कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट लेकर चंद्रमोहन को बारां से हिरासत में लिया और सूरतगढ़ लाया गया। जांच में सामने आया कि चंद्रमोहन वैष्णव ने कई नामों से फर्जी वाहन कंपनियां बनाकर ऑनलाइन व ऑफलाइन प्लेटफॉर्म्स पर सस्ते वाहनों का लालच देकर आम लोगों को ठगा। आरोपी सुनियोजित तरीके से रैकेट चला रहा था और देश के विभिन्न हिस्सों में शिकार बना रहा था। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और उसके बैंक खातों की जांच कर रही है।


श्री द्वारका शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, नाल, बीकानेर

पत्रांक:DPTTC/BIK/2025/2123

दिनांक26.6.2025

आवश्यकता

श्री द्वारका शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नाल, बीकानेर में सत्र 2025-26 हेतु बी.पी.एड. के समस्त विषयों के व्याख्याताओं की आवश्यकता है। जिसके लिये इच्छुक एवं योग्यताधारी (M.P.Ed/NET/PHD) अपने शैक्षिक दस्तावेज, अनुभव प्रमाण पत्र एवं बायोडेटा दिनांक 5.7.2025तक महाविद्यालय प्रबंधन कमेटी को निम्नांकित ई-मेल आईडी dpptcnal@gmail.com पर प्रेषित करें। योग्य व्यक्ति का चयन महाविद्यालय प्रबंधन कमेटी द्वारा साक्षात्कार एवं शैक्षिक दस्तावेजों, अनुभव प्रमाण पत्र के निरीक्षण उपरान्त किया जावेगा। साक्षात्कार दिनांक 7.07.2025 को महाविद्यालय परिसर में सुबह 10बजे से दोपहर 1बजे तक चलेगा। साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेज साथ लावें।

प्राचार्य
श्री द्वारका शा.शि.प्रशिक्षण
महाविद्यालय, नाल बड़ी (बीकानेर)